# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक– जी0735/2025 दिनांक–28.07.2025

## कार्यालय–आदेश

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी से सम्बद्ध अशासकीय सहायता प्राप्त संस्कृत महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकों के नियमित चयन की प्रक्रिया सम्पादित करने हेतु विभिन्न महाविद्यालयों द्वारा पूर्व में नियुक्ति विज्ञापन प्रकाशित कराया गया है। जिसके सम्बन्ध में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध अशासकीय सहायता प्राप्त संस्कृत महाविद्यालयों को निर्देश प्रदान किया जाता है कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी तथा स्वस्थ्य प्रतियोगिता के अनुसार योग्य अभ्यर्थियों के चयन करने हेतु जिन महाविद्यालयों द्वारा दिनांक 25.09.2019 के पूर्व एवं वर्तमान में भी जिन महाविद्यालयों द्वारा नियुक्ति विज्ञापन प्रकाशित कराकर विश्वविद्यालय की वेवसाईट पर अपलोड नहीं कराया जा सका है उन्हे विश्वविद्यालय परिनियम खण्ड 11.21 में विहित व्यवस्था के अनुसार पुनः संशोधित नियुक्ति विज्ञापन कराया जाना एवं विश्वविद्यालय के वेवसाईट **www.ssvv.ac.in** पर अपलोड कराया जाना अनिवार्य है। जिससे इसका लाभ दिनांक 25–09–2019 के पश्चात् अर्हता प्राप्त करने वाले समस्त आचार्य/एम0ए0 उत्तीर्ण छात्रों को भी मिल सके। पुराने विज्ञापनों के अनुसार जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किये हैं उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी एवं पूर्व में आवेदित अभ्यर्थियों द्वारा प्रेषित आवेदन पत्र स्वीकार्य होगा।

इस पर कुलपति महोदय की स्वीकृति प्राप्त है।

28/7/2025

(राकेश कुमार I.A.S.)
कुलसचिव

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1–निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2–आशुलिपिक, कुलसचिव।
3–श्री मोहित मिश्र, सिस्टम् एनालिस्ट, संगणक–केन्द्र को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि विश्वविद्यालय वेवसाईट पर अपलोड/प्रसारित करायें।
4–सहायक कुलसचिव/अधीक्षक (सम्बद्धता)।
5–समस्त प्रबन्धक एवं प्राचार्य, सं0सं0वि0वि0, वाराणसी से सम्बद्ध संस्कृत महाविद्यालय।
6–सम्बद्ध पत्रावली।

(राकेश कुमार I.A.S.)
कुलसचिव